some programmes concerning women telecast on \T.V, which reflect urban, middle and upper class values; and

(b) what social value or social relevence has been given "to programme like "Adhikar"?

} THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCAST NG (SHRI H. K L. BHAGAT): (a) The programme telecast by Doordarshan concerning women deal with problems of women in general and not any particular class of women. No specific study has been conducted by Doordarshan to evaluate the social value Of this type of programmes.

(b) Does not arise.

Screening of serial

2117. KUMARI SUSHILA TIRIA-Vill the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state the steps Government propose to take to ensure that Doordarshan' would screen only those, programmes which are relevant to maintain communal harmony?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRl H. K. L. BHAGAT): it is the constant^ endeavour of Doordarshan to promote communal harmony and national intega-tion through programmes in various formats. The Advisory Comm'ttees attached, to various Doordarshan Kendras evaluate programmes keeping the aforesaid objective in view. This is a continuous process.

झांसी के किले का पर्यटन स्थल के रूप में विकास

2118. डा० गोविन्द दास रिछारिया : क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है सरकार झांसी के किले को, जोकि हाल में पुरातत्व विभाग के नियंत्रण में आया है ; पर्यटन की दृष्टि से महत्व रखने वाले स्थान के रूप में विकसित करने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और चाल योजना के दौरान किस प्रकार का निर्माण कार्य किये जाने का प्रस्ताव हैं ; और

(ग) क्या सरकार वहां पर स्थायी आधार पर "प्रकाश एवं ध्वनि" कार्यक्रम की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरधर गोमांगो) : (क) और (ख) केन्द्रीय पर्यटन किलों और स्मारकों आदि का विकास संबंधी कार्य नहीं करता बल्कि पर्यटक केन्द्रों पर पर्यटन आधार/संरचना का विकास करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

(ग) मंत्रालय राज्य सरकारों से प्राप्त विशिष्ट प्रस्तावों के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान करता है । मंत्रालय को झांसी में एक ध्वनि व प्रकाश प्रदर्शन का आयोजन करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से वित्तीय सहायता हेतु एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है । मंत्रालय, स्थान की संभाव्यता, वर्तमान और भावी पर्यटक यातायात, परियोजना की व्यवहार्यता, प्रस्ताव के समग्र गुणों, निधियों की उपलब्धता और परस्पर प्राथमिकताओं पर निर्भर रहते हुए इस प्रस्ताव पर वित्तीय सहायता हेतु विचार करेगा ।

पुरातत्वीय शहरों का पर्यटन केन्द्रों के रूप में विकास

2119. डा० गोविन्द दास रिछारिया : क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा झांसी, खजुराहो और सांची के बीच किस-किस पुरातत्वीय शहरों का पर्यटन के लिये विकास किया गया है ;

(ख) क्या इस प्रकार के अन्य स्थलों का भी विकास करने की कोई योजना है और यदि हां तो उनका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और